# सीएसआईआर-सीरी में विश्व हिंदी दिवस 2025 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में **विश्व हिंदी दिवस समारोह** गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। मुख्य समारोह 13 जनवरी, 2025 को आयोजित किया गया। **डॉ. राघव प्रकाश**, निदेशक, परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जयपुर समारोह के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक **डॉ. पी. सी. पंचारिया** ने की। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्मिकों के अलावा परिष्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ सविता पाईवाल एवं विज्ञान फैकल्टी सदस्य तथा विद्यार्थी भी उपस्थित थे।




विश्व हिंदी दिवस संबोधन देते हुए मुख्य अतिथि डॉ राघव प्रकाश

मुख्य अतिथि **डॉ. राघव प्रकाश** ने अपने संबोधन में हिंदी के वैश्विक प्रभाव और मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मातृभाषा में तकनीकी शिक्षण को देश के समग्र विकास का प्राण तत्व बताते हुए डॉ. प्रकाश ने हिंदी को उपभोक्ता की भाषा से उत्पादकता की भाषा में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिंदी के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और इसके माध्यम से आर्थिक व सांस्कृतिक समृद्धि प्राप्त करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सभी भाषाएँ हमारी संस्कृति की वाहक हैं। वर्तमान समय को देश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का समय बताते हुए डॉ राघव प्रकाश ने जोर दे कर कहा कि किसी भी देश के चहुँमुखी विकास के लिए आर्थिक एवं सांस्कृतिक दोनों पक्ष मजबूत होने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने श्रोताओं को विश्व हिंदी दिवस मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से भी अवगत कराया।




स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इससे पूर्व अध्यक्षीय संबोधन में **डॉ. पी. सी. पंचारिया** ने डॉ राघव प्रकाश, श्रीमती सविता पाईवाल एवं परिष्कार कॉलेज की आगंतुक टीम का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने सभी सहकर्मियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दीं। डॉ पंचारिया ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान में वैज्ञानिकों सहित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्मिक अपने कार्यालयी कार्यों एवं बातचीत में हिंदी का उपयोग करते हैं।



वार्षिक विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण, वर्ष 2024, अंक 8 का
विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि एवं निदेशक

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका **'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण'** के नवीनतम अंक (वर्ष 2024,

अंक 8) का विमोचन किया। इस अवसर पर पत्रिका के विज्ञान लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया।




अतिथियों को सम्मानित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक,सीएसआईआर-सीरी

डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने मुख्य अतिथि डॉ राघव प्रकाश को संस्थान की ओर से **शॉल एवं स्मृति चिह्न** तथा डॉ सविता पाईवाल को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

इससे पूर्व कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि का औपचारिक परिचय दिया। उन्होंने विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधि का उल्लेख भी किया।




धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक

अंत में **डॉ सुचंदन पाल**, मुख्य वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने मुख्य अतिथि एवं निदेशक सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।



विश्व हिंदी दिवस पर ज्ञान संसाधन केंद्र (पुस्तकालय) में आयोजित
हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी में वैज्ञानिक एवं सहकर्मीवृंद

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर 10 जनवरी, 2025 को संस्थान में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। संस्थान के ज्ञान संसाधन केंद्र (पुस्तकालय) में लगाई गई प्रदर्शनी में साहित्य की विभिन्न विधाओं से संबंधित लगभग 1000 हिंदी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। संस्थान के नियमित सहकर्मियों के साथ-साथ परियोजना सहायक, प्रशिक्षार्थी आदि भी प्रदर्शनी से लाभान्वित हुए।



इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान दीर्घा एवं शोध प्रयोगशाला का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि एवं उनकी टीम

मुख्य अतिथि डॉ राघव प्रकाश सहित डॉ सविता पाईवाल, प्रधानाचार्या, परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सिलेंस ने कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के साथ संस्थान की विभिन्न शोध सुविधाओं/प्रयोगशालाओं, इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान दीर्घा आदि का भ्रमण किया।

---------

**कार्यक्रम के कुछ अन्य फोटो**







**मीडिया में प्रकाशित समाचार**



दैनिक मृदुल पत्रिका

जयपुर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 RNI/RAJHIN/2008/27048 dainikmridulpatrika@gmail.com

दैनिक मृदुल पत्रिका राजस्थान मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 5 जयपुर

सीरी में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन, वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का विमोचन

## मातृभाषा में तकनीकी शिक्षण देश के समग्र विकास का प्राण तत्वः डॉ राघव प्रकाश

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में विश्व हिंदी दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्मिकों के अलावा परिष्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता पाईवाल, विज्ञान फैकल?टी एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। डॉ. राघव प्रकाश ने अपने संबोधन में हिंदी के वैश्विक प्रभाव और मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मातृभाषा में तकनीकी शिक्षण को देश के समग्र विकास का प्राण तत?व बताते हुए डॉ. प्रकाश ने हिंदी को उपभोक्ता की भाषा से उत्पादकता की भाषा में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिंदी के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और इसके माध्यम से आर्थिक व सांस्कृतिक समृद्धि प्राप्त करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी. सी. पंचारिया ने डॉ राघव प्रकाश, श्रीमती सविता पाईवाल एवं परिष्कार कॉलेज की टीम का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने सभी सहकर्मियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका "इलेक्ट्रॉनिक दर्पण" के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया तथा पत्रिका के विज्ञान लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरि?ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने सभी उपस्थित सहकर्मियों को मुख?य अतिथि का औपचारिक परिचय दिया। अंत में डॉ सुचंदन पाल मुख्य, वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ पंचारिया ने मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत करते हुए उनके प्रेरक विचारों के लिए निदेशक सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।